श्रम ब्यूरो के अखिल भारतीय सर्वेक्षण (All India Survey of Labuor Bureau)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/all-india-survey-of-labuor-bureau

- 'श्रम ब्यूरो' द्वारा पाँच प्रमुख अखिल भारतीय सर्वेक्षण कराए जा रहे हैं। इनके लिये सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड' द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। विदित है कि श्रम ब्यूरो श्रम आँकड़ों के संकलन, संग्रहण, विश्लेषण और प्रसार का कार्य करता है।
- ये पाँच सर्वेक्षण हैं-
  - प्रवासी श्रमिकों का अखिल भारतीय सर्वेक्षण – इसके अंतर्गत श्रमिकों की अनुमानित संख्या, रोज़गार संबंधी प्रवासन, कार्य करने तथा रहने की दशाएँ और कोविड-19 का उनके कार्य-क्षेत्र पर प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा।
  - अखिल भारतीय त्रैमासिक स्थापना आधारित रोज़गार सर्वेक्षण - इसका उद्देश्य गैर-कृषि क्षेत्र में संलग्न समूहों के लिये क्रमिक तिमाहियों में रोज़गार की स्थिति में सापेक्ष परिवर्तन को मापना है। ये परिवर्तन अर्थव्यवस्था के आठ कोर क्षेत्रों को कवर करेंगे।
  - घरेलू कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण – इसके तहत घरेलू कामगारों तथा उन्हें रोज़गार देने वाले परिवारों की औसत संख्या की गणना और कामगारों के साथ घरों में होने वाली घटनाओं की जानकारी एकत्र की जाएगी।
  - परिवहन क्षेत्र में रोज़गार सृजन पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण – इसका उद्देश्य देश में परिवहन क्षेत्र में सृजित रोज़गार का आकलन करना है।
  - पेशेवरों द्वारा रोज़गार सृजन का अखिल भारतीय सर्वेक्षण – इसका उद्देश्य पेशेवरों की कुल संख्या का आकलन तथा उनके द्वारा रोज़गार सृजन से संबंधित डाटा एकत्रित करना है।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students